RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
4th Year Anniversary
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS



**गुस्ताखी माफ**

किट्टी में फरमा रहीं, महिलाएं आराम।
नौकरानियां कर रहीं, पीछे घर में काम।
पीछे घर में काम, जमाया देखो टोला।
रैंप वॉक हो रहा, चल रहा है तंबोला।
कह साहिल कविराय, काम यह हमको भाया।
कमा रहा हसबैंड, संभाले बच्चे आया।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 62 | MONDAY 16-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# 'प्रगतिशील पंजाब' सम्मेलन से निवेश को मिली नई रफ्तार, निवेशकों का भरोसा लौटा, पंजाब फिर बना औद्योगिक आकर्षण का केंद्र : मंत्री अरोड़ा

## निवेशकों ने उद्योग-पक्षीय नीतियों और निवेश अनुकूल माहौल के लिए मुख्यमंत्री की सराहना की






















एस.ए.एस. नगर (मोहाली), यूटर्न, 5 मार्च। **Bhagwant Singh Mann** के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा **Plaksha University** में आयोजित तीन दिवसीय प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन को उद्योग जगत से व्यापक और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। सम्मेलन के समापन सत्र में देश-विदेश के उद्योगपतियों ने पंजाब की उद्योग-अनुकूल नीतियों, बेहतर बुनियादी ढांचे और निवेश को प्रोत्साहित करने वाली पहलों की सराहना की। सम्मेलन में उद्योगपतियों ने बड़े निवेश प्रस्तावों की घोषणा करते हुए कहा कि इससे राज्य में औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

■ **Kamal Oswal** ने कहा, तीन दिनों के इस निवेशक सम्मेलन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पंजाब एक बार फिर उद्योग और निवेश के लिए तैयार है। प्रमुख औद्योगिक घरानों की निवेश घोषणाओं से राज्य एक आकर्षक औद्योगिक गंतव्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने मोहाली में डेटा सेंटर स्थापित करने और टेक्सटाइल व नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में इकाइयों के आधुनिकीकरण के लिए 1500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा भी की।

■ **Gagan Khanna** ने कहा, 'पंजाब सरकार उद्योगों को निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन दे रही है। इस सकारात्मक माहौल के कारण राज्य में औद्योगिक विकास तेजी से बढ़ेगा।'

■ **P. J. Singh** ने कहा, 'प्रगतिशील पंजाब निवेशक सम्मेलन उद्योगों के लिए निवेश के अवसर सामने लाने वाला प्रभावी मंच साबित हुआ है। सरकार की सकारात्मक नीति को देखते हुए हमारी कंपनी अगले तीन वर्षों में 1000 करोड़ रुपये निवेश करेगी।'

■ **Dr. Rudra Pratap** ने कहा, 'प्लाक्शा में उद्योग और शिक्षा जगत के प्रतिष्ठित लोगों का एक साथ आना गर्व की बात है।

विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए अब तक 950 करोड़ रुपये निवेश हो चुके हैं और आगे 5000 करोड़ रुपये और निवेश की योजना है।'

■ **Ajay Datani** ने कहा, 'यह सम्मेलन दशार्ता है कि पंजाब सरकार उद्योगों को मजबूत करने के लिए स्पष्ट रणनीति और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। राज्य औद्योगिक निवेश के लिए विश्वसनीय गंतव्य बनकर उभर रहा है।'

■ **Amit Jain** ने कहा, 'मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य के औद्योगिक माहौल में नई ऊर्जा और आशावाद आया है।

इन्वेस्ट पंजाब बड़े पैमाने पर निवेशकों को आकर्षित कर रहा है और राज्य विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है।

■ **Rutger Odehans** ने कहा, 'पंजाब डेयरी और कृषि नवाचार का प्रमुख केंद्र है और यहां का बुनियादी ढांचा अत्याधुनिक है। इसी कारण हमारी कंपनी ने किसानों और कृषि को मजबूत करने के लिए पंजाब को चुना है।'

■ **Amit Thapar** ने कहा, 'पहले उद्योगों को कई प्रशासनिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब माहौल पूरी तरह बदल गया है। इसी कारण हमने अपने निवेश को 250 करोड़ से बढ़ाकर 750 करोड़ रुपये करने का फैसला लिया है।'

# एमएसएमई के विकास के लिए क्लस्टर आधारित रणनीति अपनाएगी पंजाब सरकार: संजीव अरोड़ा




चंडीगढ़, 15 मार्च 2026। पंजाब सरकार छोटे, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के विकास को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित रणनीति अपनाने जा रही है।

यह जानकारी कैबिनेट मंत्री **Sanjeev Arora** ने दी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और देश की जीडीपी वृद्धि में लगभग 25 से 30 प्रतिशत का योगदान देते हैं। राज्य सरकार इन उद्योगों के आधुनिकीकरण और विस्तार पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने उद्योगपतियों को सलाह दी कि उत्पादों की मांग बढ़ाने के लिए केवल मार्केटिंग पर निर्भर रहने के बजाय कीमत और गुणवत्ता पर अधिक ध्यान देना चाहिए। मंत्री ने बताया कि पंजाब में लगभग 1.6 लाख एमएसएमई इकाइयों के मजबूत आधार को देखते हुए राज्य सरकार एक समर्पित एजेंसी स्थापित करने की योजना बना रही है। यह एजेंसी वित्त, प्रौद्योगिकी, बाजार और कौशल तक पहुंच को बेहतर बनाने के साथ-साथ क्लस्टर आधारित विकास को बढ़ावा देने के लिए एकल संस्थागत मंच के रूप में कार्य करेगी। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव **Gurkirat Kirpal Singh** ने कहा कि सरकार एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए कई प्रोत्साहन दे रही है।




# भारत में LPG और पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं: केंद्र

नवीन गोगना

नई दिल्ली, युटर्न, 15 मार्च। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में LPG डिस्ट्रीब्यूटरशिप या फ्यूल स्टेशनों पर गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि देशभर में कहीं भी LPG की सप्लाई खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है और सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। मंत्रालय के अनुसार LPG बुकिंग में हाल के दिनों में कमी आई है। 13 मार्च 2026 को जहां 88.8 लाख बुकिंग दर्ज की गई थीं, वहीं 14 मार्च को लगभग 77 लाख बुकिंग हुई। सरकार ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की सप्लाई भी सामान्य रूप से जारी है और रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन खत्म होने की कोई घटना सामने नहीं आई है। बिहार, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान सहित कई राज्यों ने सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार गैर-घरेलू LPG के आवंटन के आदेश जारी किए हैं। कमर्शियल LPG सिलेंडर राज्यों को प्राथमिकता के आधार पर वितरित किए जा रहे हैं और अब यह 30 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराकर ईंधन या गैस की अतिरिक्त खरीदारी न करें, क्योंकि देश में पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही राज्य सरकारों को LPG की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। घरेलू उपभोक्ताओं और अस्पतालों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए निर्बाध सप्लाई सुनिश्चित की जा रही है।



# सरहद पार तस्करी मॉड्यूल का पदार्फाश, हेरोइन व हथियार बरामद

नवीन गोगना

अमृतसर, यूटर्न, 15 मार्च। कमिश्नरेट पुलिस अमृतसर ने सरहद पार से चल रहे हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी के एक बड़े मॉड्यूल का पदार्फाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 आधुनिक पिस्तौल (ढ 5.728` ळक्क्अर टर्की सीरीज), 60 जिंदा कारतूस और 3.513 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी पाकिस्तान आधारित तस्करों के संपर्क में थे। ये तस्कर भारत -पाकिस्तान सीमा के पास ड्रोन के जरिए हथियार और नशीले पदार्थ भेजते थे, जिन्हें स्थानीय युवक उठाकर आगे सप्लाई करते थे। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस मामले में थाना गेट हकीमा, छेहरटा और वेरका में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए अधिकतर युवक 19 से 24 वर्ष की आयु के हैं और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से संबंध रखते हैं। विदेशी हैंडलरों ने सोशल मीडिया के माध्यम से लालच देकर उन्हें इस नेटवर्क में शामिल किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करण सिंह, गुरप्रीत, मख्खन दीन उर्फ मख्खन, राकेश उर्फ केशू, चमकौर सिंह और जसबीर उर्फ बीरा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार कुछ आरोपियों पर पहले भी नशा और हथियारों से जुड़े मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि नशा और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



# एमएस एनक्लेव ढाकोली में मुफ्त दांत जांच शिविर, करीब 80 लोगों ने करवाया चेकअप



जीरकपुर, यूटर्न, 15 मार्च। एमएस एनक्लेव ढाकोली के कम्युनिटी सेंटर में टीम एनके. शर्मा की ओर से मुफ्त दांतों के चेकअप के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लेकर अपने दांतों का निःशुल्क परीक्षण करवाया। शिविर में डॉ. रोहित मिगलानी (डेंटल सर्जन) और उनकी टीम ने लोगों के दांतों की जांच की तथा उन्हें दांतों की देखभाल से जुड़ी जरूरी जानकारी भी दी। टीम एनके. शर्मा की ओर से आयोजित इस कैंप में एमएस एनक्लेव की आरडब्ल्यूए ने भी विशेष सहयोग दिया। इस अवसर पर सरबजीत बर, दीपक कक्कड़, दिनेश भारद्वाज, मनजीत बत्रा, उदय राज, धर्मेंद्र गौतम, भारत सेठी, परमिंदर सिंह, रविंदर शर्मा और हरजीत सिंह मिगलानी सहित कई स्थानीय निवासी मौजूद रहे। शिविर के दौरान लगभग 70 से 80 लोगों ने अपने दांतों का निःशुल्क चेकअप करवाया और इस पहल की सराहना की। आयोजकों ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

# सरकारी कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर विशेष लेक्चर आयोजित

डेराबस्सी, यूटर्न, 15 मार्च। सरकारी कॉलेज डेरा बस्सी की संस्थागत नवाचार परिषद द्वारा प्रधानाध्यापिका श्रीमती विनीता राव के संरक्षण में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया । इसमें प्रोफेसर अमरिंदर कौर ने छात्रों के साथ वित्तीय साक्षरता विषय पर अपने विचार साझा किए। बजट और खर्चों को संतुलित करने के साथ-साथ, उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को धन का महत्व समझाया। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि जीवन में हर किसी की जरूरतें और इच्छाएं होती हैं, लेकिन समय की क्षणभंगुरता को समझते हुए, हमें अपनी इच्छाओं के पीछे भागने के बजाय अपनी आवश्यक जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना चाहिए। रजिस्ट्रार, प्रोफेसर सविता गुप्ता ने भी महत्वपूर्ण तथ्यों पर प्रकाश डाला। संयोजक प्रो.अंशुल भाटिया और सह- संयोजक डॉ.सुमिता कटोच की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज की आईआईसी परिषद के समूह ने भाग लिया।

# सेक्टर-41 के पास युवक पर जानलेवा हमला, 8-10 युवकों ने तेजधार हथियारों और रॉड से पीटा

पुनीत महाजन






चंडीगढ़, यूटर्न, 15 मार्च। सेक्टर-41 के पास स्थित ठेके के नजदीक एक युवक पर कुछ युवकों द्वारा कथित तौर पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक हर्ष पर करीब 8-10 युवकों ने हमला कर दिया, जो पास के अहाते में शराब पीकर आए बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों के हाथों में तेजधार हथियार और लोहे की रॉड थीं उन्होंने अचानक हर्ष पर हमला कर दिया और उसे बुरी तरह घायल कर दिया। इस हमले में हर्ष को गंभीर चोटें आईं। बताया जा रहा है कि हमलावरों में मुख्य रूप से अनिकेत, सट्टा, गद्दू और गोपी, जो कि सेक्टर-56 के निवासी बताए जा रहे हैं, शामिल थे। इसके अलावा दो अन्य अज्ञात युवक मारपीट में शामिल थे, जबकि बाकी उनके साथ मौजूद थे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल हर्ष को तुरंत 16 अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है।और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# दुबई की रीएल एस्टेट कीमतों में 40% की गिरावट : चेयरमैन राजू बिंद्रा








लुधियाना, यूटर्न, 15 मार्च। गल्फ देशो में चली रही लड़ाई के कारण दुबई के रियल एस्टेट सैक्टर में भारी उथल पुथल देखने को मिल रहा है पंजाब व्यापर मंडल के चेयरमैन राजू बिंद्रा, महंमंत्री किरपाल सिंह मोनु ,सैक्टरी विक्की गुप्ता ने बताया दुबई की रियाल एस्टेट की कीमतें औंधे मुँह

गिर गई है। चचाओं की माने तो दुबई की कीमतों में 25 से 40 % की गिरावट है लुधियाना के नामी होजरी कारोबारी ने कुछ समय पहले 20 करोड़ रु में प्रॉपर्टी खरीदी थी लड़ाई की वजह से 12 करोड़ रु में भी नहीं बिक रही। बिंद्रा ने कहा इसी प्रकार कई अन्य कारोबारियों को भी दुबई की प्रॉपर्टी में निवेश से भारी घाटा झेलना पड़ रहा है। वही लड़ाई का असर लोकल प्रॉपर्टी बाजार पर भी देखने को मिल रहा है । ग्राहकों ने युद्ध की पारिस्थियों के मद्देनजर विदेशी प्रॉपर्टियों को बेचने का मुद बना लिया है।


पेज 06 श्री दंडी स्वामी मंदिर में फ्री हार्ट व मेडिकल चेकअप...

# साउथ सिटी रोड पर 47 इमारतों को नोटिस आने पर भिनभिनाने लगे बिचौलिए!

लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। साउथ सिटी रोड पर 47 इमारतों को ग्लाडा द्वारा अवैध करार देते हुए नोटिस जारी कर दिए हैं। जिसमें से सात इमारतों द्वारा पहले ही स्टे ले रखा है। हालांकि इन नोटिसों के बाद साउथ सिटी रोड मामले में मक्खियों की तरह राजनेता भिनभिनाने लग गए हैं। राजनेताओं ने अपना अलग ही खेल शुरू कर दिया है। जिनकी और से बिल्डिंग मालिकों को उनका बचाव करने की एवज में बड़े बड़े ऑफर भी दिए जा रहे हैं। चर्चा है कि इन राजनेताओं में सत्ताधारी और विपक्ष लीडर शामिल हैं। जिनकी और से बिल्डिंग मालिकों को सेटिंग करके बचाव कराने का आश्वासन दिया जा रहा है। लेकिन अब पूरी कमान पंजाब सरकार और ग्लाडा के हाथ में हैं। अगर सरकार व विभाग चाहें तो नियमों के मुताबिक बिल्डिंगों पर एक्शन ले सकता है, जिससे मिलीभगत करने वाले राजनेताओं की सेटिंग धरी की धरी रह जाएगी। हालांकि ग्लाडा द्वारा बिल्डिंग मालिकों को एक हफ्ते का समय दिया गया था। वह समय पूरा होने वाला है। जिसके चलते अब देखना होगा कि सोमवार से ग्लाडा द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है।




## एक राजनेता की निमार्णाधीन बिल्डिंग से उठा विवाद

वहीं चर्चा है कि पहले यह विवाद काफी सुर्खियों में आया था। लेकिन फिर बिल्डिंग मालिक ग्लाडा अधिकारियों के समक्ष पहुंच गए। जिसके बाद मामला शांत हो गया था। लेकिन इस बीच एक राजनेता द्वारा साउथ सिटी रोड पर नई इमारत बनानी शुरू कर दी गई। जिसका इलाका निवासियों द्वारा विरोध शुरू कर दिया गया। जिसके बाद यह पूरा मामला फिर विवादों में आ गया। अब इस मामले में ग्लाडा द्वारा नोटिस जारी कर दिए गए।

## लीडर दे रहे अलग अलग ऑफर

साउथ सिटी रोड मामले में कूदकर शामिल हो रहे लीडरों द्वारा बिल्डिंग मालिकों को अलग अलग ऑफर दिए जा रहे हैं। किसी और से ग्लाडा से राहत दिलाने, किसी की और से हाउसिंग विभाग मंत्री से मुलाकात कराने तो किसी की और से पीला पंजा चलने से राहत दिलाने की ऑफर की जा रही है। कुल मिलाकर अब ग्लाडा के इस नोटिस के बाद राजनेताओं द्वारा अपनी चांदी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# लुधियाना अकाउंट्स वेलफेयर एसोसिएशन विशाल रक्तदान शिविर में करेगी पूरा सहयोग - बॉबी



लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। लुधियाना अकाउंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की और से न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 31 मार्च को आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के प्रति लोगों को जागरूक करने और समाज से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करना था। इस दौरान न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के प्रेजिडेंट राजेश जैन बॉबी ने कहा कि लुधियाना अकाउंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की और से इस खूनदान कैंप में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने इस कैंप में 151 यूनिट खूनदान करने का आश्वासन दिया है। बैठक में एसोसिएशन के नरेश चालोत्रा अध्यक्ष, अवतार सिंह उपाध्यक्ष, रमेश गाबा महासचिव, रोहित गर्ग कोषाध्यक्ष, अशोक चौधरी कार्यालय सचिव, सुनील शर्मा कार्यकारी सदस्य, सीए राजीव कुमार शर्मा मौजूद थे। वहीं इस दौरान राजेश जैन बॉबी, राकेश टंडन, सोनू रेहलिया, सचिन जैन, सार्थक जैन, राजीव जैन, धीरज जैन दब्बू, सचिन जैन, शुभम जैन, रोहित मगो, अभिनव मगो मौजूद थे।

# थाने में चले थप्पड़-मुक्के, ढाबा मालिक लकड़ी चुराने पर युवक पुलिस स्टेशन लाया, यहां दोनों पक्ष भिड़े

पंजाब/यूटर्न/15 मार्च। जालंधर के थाना भारगो कैंप में लकड़ी चुराने का आरोप लगाकर एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने बुरी तरह से पीटा और थाने लाए। थाने में पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों में जमकर थप्पड़ मुक्के चले। आरोप है कि ढाबा संचालक ने पुलिस की मौजूदगी में उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसकी बाजू तीन जगह से टूट गई।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना रविवार शाम दयोल नगर की है। डॉक्टर बीआर अंबेडकर सेल पंजाब शहरी के युवा प्रेजीडेंट सतीश कुमार खोसला ने बताया कि वह फाइनेंस का काम करता हैं। उसके पास काम करने वाले इंद्रजीत ने बताया कि उसके साले को किसी ने पीट दिया है।



## दूसरा पक्ष बोला, दरवाजा तोड़ रहा था

*दूसरे पक्ष के व्यक्ति ने बताया कि हमने अपने घर का दरवाजा उखाड़कर बाहर रखा था। उस दरवाजे को आरोपी ने तोड़ना शुरू कर दिया। जब उसे रोका और कारण पूछा तो उसने कहा कि उसने किसी को पीटना है, इसलिए लकड़ी चाहिए थी। उसे दरवाजा तोड़ने से हटाया तो युवक ने पत्थर मारने शुरू कर दिए। इसके बाद वह गालियां देने लगा और गंदे-गंदे इशारे करने लगा। इसके बाद कुछ लोगों की मदद से उसे काबू किया गया और थाने में पुलिस को सौंपा गया। पीटने के आरोप सरासर झूठे हैं।*

## टेबल उठाने पर मारपीट, चेन चुराने का आरोप

*इंद्रजीत ने बताया कि साला जोबन बूटा मंडी में शेरू पंजाबी ढाबा के पास से निकल रहा था कि ढाबे के बाहर एक टेबल पड़ा था। इसकी लकड़ी जोबन ने उठा ली। उसने कहा कि उसे आग सेंकनी है। इस पर ढाबा संचालक ने चोरी के आरोप लगाकर मारपीट की। मारपीट के दौरान उसकी बाजू को 3 जगह से तोड़ दिया और बाद पुलिस को शिकायत दे दी। इसके बाद पुलिस जोबन को थाने ले आई तो पीड़ित परिवार उनके पास मदद के लिए आया। वह परिवार के साथ थाने में पहुंचे तो ढाबा संचालक ने पुलिस की मौजूदगी में उनके साथ थाने के अंदर मारपीट की।*

# निहंग सिंहों की नशा तस्करों पर रेड, महिला सहित 8 पकड़े, पुलिस हवाले किए

लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। थाना लाडोवाल के अधीन आते गांव तलवंडी में निहंग सिंहों ने नशा तस्करों के अड्डों पर रेड की। इस दौरान नशा तस्करी करने वाली एक महिला समेत आठ लोगों को पकड़ लिया। जिसके बाद उन्हें थाना लाडोवाल की पुलिस हवाले कर दिया गया। आरोप है कि ये लोग पीर बाबा की मजार बनाकर वहां नशे का कारोबार चला रहे थे। इससे पहले भी कुछ दिन पहले निहंग जत्थे ने इसी गांव में चिट्टे को लेकर रेड की थी। यहां बड़ा सवाल यह है कि थाना से कुछ किलोमीटर दूरी पर यह गांव है, जो नशा तस्करों के लिए मशहूर है। फिर भी इलाका पुलिस यहां कोई बड़ी कार्रवाई करने में असफल साबित हो रही है। जानकारी के अनुसार इलाके के लोगों ने निहंगों को शिकायत दी थी कि गांव में एक घर में मजार के नाम पर नशा बेचा जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद निहंग बाबा कुलदीप सिंह अपने साथियों और स्थानीय लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और उक्त घर में रेड की। जहां पर आठ लोग पकड़े गए। वहीं उनसे कई और लोगों के मोबाइल नंबर भी बरामद हुए हैं, जो लगातार उनके संपर्क में थे।



# श्री राम ग्लोबल प्री-स्कूल ने अपना ग्रेजुएशन डे ग्रोइंग विंग्स मनाया



लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। श्री राम ग्लोबल प्री-स्कूल ने अपना ग्रेजुएशन डे ग्रोइंग विंग्स बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया। यह कार्यक्रम शाम के समय ड्राइव थ्रू समारोह के रूप में आयोजित किया गया, जिससे नन्हे स्नातकों और उनके परिवारों के लिए यह उत्सव सुरक्षित, यादगार और खास बन गया।छोटे स्नातक अपने माता-पिता के साथ खूबसूरती से सजी कारों में स्कूल परिसर पहुंचे। कारों पर उनकी कक्षाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले रंग-बिरंगे गुब्बारे लगाए गए थे। स्कूल परिसर में रंगीन शामियाने लगाए गए थे, जिन्हें विभिन्न कक्षाओं के चटख रंगों से सजाया गया था। इससे पूरे परिसर में उत्सवपूर्ण और आनंदमय वातावरण देखने को मिला। इस विशेष उपलब्धि का हिस्सा बनकर बच्चे बेहद उत्साहित और गौरवान्वित दिखाई दिए। श्री राम ग्लोबल प्री-स्कूल, मॉल रोड और श्री राम ग्लोबल स्कूल, साउथ सिटी की निदेशक आंचल गर्ग ने पूरे शैक्षणिक सत्र के दौरान अभिभावकों के निरंतर सहयोग, धैर्य और समर्थन के लिए उन्हें बधाई दी। वहीं प्री-स्कूल की प्रधानाचार्या शिवानी चौधरी ने नन्हे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों के समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना की।

# मोहाली में लूट की सनसनीखेज वारदात: निहंग के भेष में आए बदमाशों ने युवक को फ्लाईओवर से फेंका

मोहाली, यूटर्न, 15 मार्च। मोहाली में देर रात एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां निहंग के भेष में आए तीन बदमाशों ने बाइक सवार युवक-युवती को तलवार दिखाकर रोक लिया। बदमाशों ने युवती से मोबाइल फोन और जेवरात लूट लिए और विरोध करने पर युवक को फ्लाईओवर से नीचे फेंक दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-41 निवासी अंकित शर्मा अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बाइक पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी रोड से खरड़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान खरड़ रोड के पास निहंग के भेष में तीन युवक तलवारें लेकर सामने आ गए और उन्होंने तलवार दिखाकर बाइक रुकवा ली। बदमाशों ने पहले अंकित से मोबाइल फोन और जेब में मौजूद सामान देने को कहा। तलवार देखकर घबराए अंकित ने बाइक की चाबी दूर फेंक दी, ताकि आरोपी बाइक लेकर न भाग सकें। इसके बाद तीनों बदमाशों ने उसकी गर्लफ्रेंड को घेर लिया और उससे मोबाइल फोन, चांदी की चेन और सोने की नोज रिंग छीन ली। पीड़िता ने उनसे ऐसा न करने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ बदसलूकी शुरू कर दी। अंकित ने इसका विरोध किया और उनसे भिड़ने की कोशिश की, जिस पर बदमाशों ने उसे पकड़कर फ्लाईओवर से करीब 35 फीट नीचे फेंक दिया।

ऊंचाई से गिरने के कारण अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक ने किसी तरह एंबुलेंस को फोन किया, जिसके बाद उसे पहले खरड़ अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे फेज-6 स्थित सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की जांच में सामने आया कि अंकित की रीढ़ की हड्डी की स्पाइनल कॉर्ड के एल-4 हिस्से में फ्रैक्चर हुआ है।

हालत गंभीर होने के कारण उसे चंडीगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल सेक्टर-32 में रेफर किया गया है, जहां उसकी सर्जरी की तैयारी की जा रही है। अंकित ने बताया कि अस्पताल पहुंचने के बाद जब गर्लफ्रेंड के मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रैक की गई तो वह मोरिंडा के एक गुरुद्वारे के पास मिली। मामले की जांच कर रहे अधिकारी बलविंदर सिंह ने बताया कि घायल के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित कर दी गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल करनाल में आम जनता से मिले और उनकी समस्याओं का निराकरण किया

हरियाणा/यूटर्न/15 मार्च। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान शनिवार सायं देर तक और रविवार को सुबह आम जनता से मेल मिलाप किया और उनकी समस्याओं का निराकरण किया। श्री मनोहर लाल ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि विपक्षी पार्टी के लोगों को समझना चाहिए कि यह एलपीजी व तेल सम्बन्धी अंतरराष्ट्रीय स्तर का मामला है, फिर भी भारत सरकार ने देश के लोगों को कोई समस्या नहीं आने दी है। ऐसे समय में विपक्षी पार्टियों को इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। बल्कि मिलजुल कर संकट का सामना करना चाहिए। विपक्ष बिना मुद्दे के गैस की किल्लत बताकर केवल लोगों को बरगला रहा है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में एलपीजी का स्टॉक है और विदेशों से भी तेल व एलपीजी भरपूर मात्रा में आ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय देश है और सभी के साथ आपसी प्रेम-प्यार से रहता है। ये ही हमारी देश की संस्कृति भी है। उन्होंने कहा कि आज देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथों में है। जबसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली तब से लेकर देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और समस्त विश्व में देश का सम्मान बढ़ा है।



# जरूरतमंदों के लिए राहत: रेवाड़ी में फ्री मेडिकल कैंप में जांच, दवाएं और परामर्श उपलब्ध

हरियाणा/यूटर्न/15 मार्च। रेवाड़ी में झज्जर रोड़ स्थित फ्लाईओवर के पास आशियाना वृद्धाश्रम में नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह शिविर बाबा फरीद सेवा ट्रस्ट, श्री राम शाखा, भारत विकास परिषद और क्टअ रेवाड़ी के संयुक्त तत्वाधान में दीवान फोरव्हील्स प्राइवेट लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत आयोजित किया गया था। इस शिविर में 204 मरीजों की 415 से अधिक ओपीडी और 129 लोगों की रक्त जांच भी निशुल्क की गई। साथ ही आवश्यक दवाएं भी मरीजों को निशुल्क वितरित की गई। मरीजों को चिकित्सकीय परामशार्नुसार निशुल्क अल्ट्रासाउंड एवं एक्स- रे जांच की सुविधा भी दी गई। इस चिकित्सा शिविर में डॉ. रवि यादव, डॉ. विक्रम यादव, डॉ. दीपक यादव, डॉ. प्रशांत यादव, डॉ. नीरज यादव, डॉ. सिद्धार्थ यादव, डॉ. प्राची जैन, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. हेमंत यादव, डॉ. सोनम बत्रा और डॉ. अनुपमा मक्कर सहित अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, आयुर्वेदाचार्य, हड्डी रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा मरीजों की जांच की गई और आवश्यक परामर्श दिया गया। गंभीर मामलों में आगे के उपचार के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।




# ओमैक्स एसोसिएशन ने विश्व शांति और मानवता के लिए निकाला मार्च



लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। ओमैक्स सीनियर सिटिजन्स वेलफेयर एसोसिएशन ने विश्व में शांति और मानवता के लिए मार्च के तहत एक शांति मार्च का आयोजन किया। वर्तमान में ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध की स्थिति ने वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ा दी है, जिससे देशों के बीच शांति और समझ की आवश्यकता और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यह मार्च पवनजीत कौर द्वारा डिजाइन किया गया था और एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस पहल का प्रस्ताव महासचिव अशोक मेहरा ने रखा था, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त कमोडोर सुरिंदर पाल सिंह भट्टी एनएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को शांतिपूर्ण और सुखी जीवन जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है। कार्यक्रम का समापन विश्व में शांति और सद्भाव की प्रार्थना के साथ हुआ। सुभाष गुप्ता ने सभी सदस्यों का इस महत्वपूर्ण शांति मार्च में सक्रिय भागीदारी और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

# राजयोग और आत्म-जागरूकता से जीवन में शांति संभव: बी.के. डॉ. प्रमोद कुमार



जीरकपुर, यूटर्न, 15 मार्च। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, संगमधाम, #4अ पार्वती एन्क्लेव, बलटाना में रविवार को एक विशेष आध्यात्मिक क्लास का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बी.के. डॉ. प्रमोद कुमार ने उपस्थित भाई-बहनों को राजयोग और आत्म-जागरूकता के माध्यम से जीवन को संतुलित और सुखमय बनाने के सूत्र बताए।
बी.के. डॉ. प्रमोद कुमार एक प्रख्यात राजयोग मेडिटेशन टीचर, इमोशनल इंटेलिजेंस स्पीकर, होलिस्टिक वेलनेस एक्सपर्ट, उद्यमी और मेंटर हैं। वे ग्रेटर नोएडा स्थित दिव्य वेलनेस के संस्थापक भी हैं और देश-विदेश में लोगों को मानसिक शांति, सकारात्मक सोच तथा आत्म-सशक्तिकरण के लिए प्रेरित करते रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज अधिकांश तनाव मनुष्य की सोच और दृष्टिकोण के कारण उत्पन्न होता है। यदि हम दूसरों की कमियों के बजाय उनके गुणों को देखने की आदत विकसित करें, तो रिश्तों में स्वत: ही मधुरता आ जाती है। उन्होंने बताया कि क्रोध या नकारात्मकता अक्सर हमारी अपनी प्रतिक्रिया होती है, इसलिए मन और बुद्धि को नियंत्रित करने के लिए राजयोग ध्यान का नियमित अभ्यास आवश्यक है।

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 शहर की सबसे पॉश सड़क के फुटपाथों पर कब्जे...

# आईडीएफसी बैंक घोटाला: सरकारी खातों से करोड़ों निकालने की साजिश कैसे बनी, वधवा ने पूछताछ में खोले राज

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 मार्च। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में गिरफ्तार रियल एस्टेट कारोबारी विक्रम वधवा ने पुलिस पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। जांच में सामने आया है कि बैंक के पूर्व मैनेजर रिभव ऋषि के साथ मिलकर सरकारी विभागों के खातों में जमा करोड़ों रुपये को शेल कंपनियों के जरिए निकालकर रियल एस्टेट में निवेश किया गया। चंडीगढ़ क्राइम ब्रांच ने चंडीगढ़ नगर निगम, चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड (सीएससीएल) और क्रेस्ट के खातों से करोड़ों रुपये के गबन के मामले में 52 वर्षीय विक्रम वधवा को शुक्रवार रात खरड़ से गिरफ्तार किया था। बाद में उसे आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) को सौंप दिया गया।




## चंडीगढ़, मोहाली और खरड़ में लगाए गए प्रोजेक्ट

वधवा ने पूछताछ में बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों में उसने चंडीगढ़, मोहाली और खरड़ समेत कई जगह आवासीय और व्यावसायिक परियोजनाओं में निवेश किया। उसने यह भी खुलासा किया कि इन संपत्तियों के मूल दस्तावेज पंजाब और हरियाणा में अलग-अलग स्थानों पर रिश्तेदारों के पास रखे गए हैं। कुछ समय पहले उसके घर पर आयकर विभाग की भी छापेमारी हो चुकी है।

## शेल कंपनियों के जरिए किया गया लेनदेन

जांच में सामने आया कि सरकारी विभागों के खाते पहले आईडीएफसी फर्स्ट बैंक सेक्टर-32 शाखा में ट्रांसफर करवाए गए। इसके बाद इन खातों से रकम कुछ निजी कंपनियों के खातों में भेजी गई और फिर वहां से वधवा के खातों में ट्रांसफर कर दी गई। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क में कैपको फिनटेक सर्विसेज, आरएस ट्रेडर्स और स्वास्तिक देश प्रोजेक्ट्स जैसी कंपनियों का इस्तेमाल किया गया। इन कंपनियों के खातों के जरिए सरकारी फंड को अलग-अलग चरणों में ट्रांसफर किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ रकम बैंक अधिकारी रिभव ऋषि और उनकी पत्नी दिव्या अरोड़ा के खातों में भी गई, जिसे बाद में रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में लगाया गया।

IDFC FIRST Bank

## रिभव ऋषि से मुलाकात के बाद बना प्लान

पुलिस पूछताछ में वधवा ने बताया कि उसकी मुलाकात कई साल पहले पंजाब नेशनल बैंक सेक्टर-17 के वरिष्ठ प्रबंधक रहे राकेश कुमार ऋषि के जरिए उनके बेटे रिभव ऋषि से हुई थी। उस समय रिभव ऋषि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक में कार्यरत था। वधवा के अनुसार रिभव ऋषि ने बताया कि उसके पास चंडीगढ़ और हरियाणा के कई सरकारी विभागों के बैंक खातों की जिम्मेदारी है, जिनमें करोड़ों रुपये जमा रहते हैं। इसी दौरान उसने प्रस्ताव दिया कि इन पैसों को अस्थायी रूप से निवेश के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है और जरूरत पड़ने पर बाद में खातों में वापस एंट्री कर दी जाएगी।

## फर्जी एफडी और बैंक रिकॉर्ड की भी जांच

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के रिकॉर्ड में करीब 116.84 करोड़ रुपये की 11 एफडी दिखाई गई थीं, लेकिन बैंक के सिस्टम में उनका कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। पुलिस के अनुसार ये एफडी मार्च-अप्रैल 2025 में कथित तौर पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक सेक्टर-32 शाखा के तत्कालीन मैनेजर रिभव ऋषि द्वारा जारी की गई थीं। इसके अलावा बैंक स्टेटमेंट की जांच में 8.22 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन भी सामने आए हैं, जिनकी पुष्टि नगर निगम के रिकॉर्ड में नहीं हो सकी है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक मामले में दो ओर आरोपियों की गिरफ्तारी, चार दिन का पुलिस रिमांड

चंडीगढ़, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक से जुड़े मामले की चल रही जांच के दौरान राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (SV&ACB) द्वारा दो ओर आरोपियों को 14/03/2026 को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि इस मामले में राजन कटोदिया को भी कल ही गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रणधीर सिंह, कंट्रोलर फाइनेंस एंड अकाउंट्स, हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद तथा राजेश सांगवान, कंट्रोलर फाइनेंस एंड अकाउंट्स, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड (ल्रअटइ) के रूप में हुई है। इन दोनों आरोपियों की मुख्य आरोपियों के साथ धोखाधड़ी को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका सामने आई थी। गिरफ्तारी के बाद राजन कटोदिया सहित चार आरोपियों को आज माननीय अदालत में पेश किया गया, जहां से अदालत ने तीन आरोपियों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, ताकि मामले में गहन पूछताछ की जा सके और घोटाले से जुड़े अन्य पहलुओं का खुलासा किया जा सके। वहीं, इस मामले में गिरफ्तार आरोपी अंकुर शर्मा को आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की जांच जारी है।

# गर्लफ्रेंड को जिंदा जलाने के आरोपी को बहन की शादी में जाने की इजाजत नहीं

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 मार्च। चंडीगढ़ की जिला अदालत ने गर्लफ्रेंड को जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में आरोपी विशाल को अपनी बहन की शादी में शामिल होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। आरोपी ने 15 से 25 मार्च तक अंतरिम जमानत की मांग करते हुए अदालत में याचिका दायर की थी, क्योंकि उसकी बहन की शादी 20 मार्च को नई दिल्ली में होनी है। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि जब बहन की शादी तय हुई, उस समय भी आरोपी जेल में था। इसके अलावा वह यह भी स्पष्ट नहीं कर सका कि शादी की ऐसी कौन-सी रस्म है, जो उसके बिना पूरी नहीं हो सकती।

सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने दलील दी कि विशाल छह बहनों में इकलौता भाई है और हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार कुछ महत्वपूर्ण रस्मों में भाई की मौजूदगी



जरूरी होती है। हालांकि अदालत ने इन दलीलों को पर्याप्त नहीं माना और अंतरिम जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी फिलहाल चंडीगढ़ की बुड़ैल जेल में बंद है। उस पर 8 अप्रैल 2024 को सेक्टर-35बी स्थित एक पार्क में अपनी गर्लफ्रेंड रानी को ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने का आरोप है। रानी मोहाली के गांव सोहाना की रहने वाली थी और ब्यूटी पार्लर चलाती थी। घटना के समय पार्क के पास मौजूद एक कॉन्स्टेबल ने युवती को जलते हुए देखा और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाकर उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान उसी दिन उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पहले हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था, जिसे बाद में युवती की मौत के बाद हत्या की धारा में बदल दिया गया। इसके बाद 9 अप्रैल 2024 को आरोपी विशाल को गिरफ्तार कर लिया गया था। जांच में सामने आया कि दोनों पिछले छह-सात साल से रिश्ते में थे और शादी को लेकर उनके बीच विवाद चल रहा था। बताया जाता है कि दोनों आखिरी बार मिलने और एक-दूसरे को दिए गए तोहफे लौटाने के लिए सेक्टर-35 के पार्क में मिले थे। इसी दौरान विवाद बढ़ गया और आरोप है कि गुस्से में आकर विशाल ने युवती पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी।

# बुजुर्ग महिला से झुमके छीनने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद किए सोने के ईयररिंग

चंडीगढ़, यूटर्न, 15 मार्च। मनीमाजरा थाना पुलिस ने स्नैचिंग के एक मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से छीने गए सोने के ईयररिंग भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को करीब दोपहर 1 बजे कंट्रोल रूम में सूचना मिली थी कि मनीमाजरा स्थित हाउसिंग बोर्ड लाइट प्वाइंट के पास एक युवक ने बुजुर्ग महिला के कान से झुमके छीन लिए और कपड़े से मुंह ढककर मौके से भागने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर पुलिस को पम्मी पत्नी हरिओम निवासी मोरीगेट मनीमाजरा मिलीं। उन्होंने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह अपने बेटे मंगत राम के साथ घर जा रही थीं। जब वे गोबिंदपुरा स्थित शनि मंदिर के पास पहुंचे तो पीछे से आए एक युवक ने अचानक उनके कानों से सोने के झुमके छीन लिए और भागने लगा। महिला के शोर मचाने पर उनके बेटे मंगत राम ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले आरोपी को कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान मौलिजागरां पार्ट 2 निवासी निक्कू दुबे के रूप में की है। पुलिस ने उसके कब्जे से छीने गए सोने के ईयररिंग बरामद कर लिए हैं। आरोपी को जिला अदालत में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।



# लम्हे-2026: एसएसजीआई डेराबस्सी में 17-18 मार्च को तकनीकी-सांस्कृतिक उत्सव

डेराबस्सी, यूटर्न, 15 मार्च। डेराबस्सी स्थित श्री सुखमणि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स (एसएसजीआई) की ओर से दो दिवसीय वार्षिक अंतर-महाविद्यालय तकनीकी-सांस्कृतिक उत्सव 'लम्हे-2026' का आयोजन 17 और 18 मार्च को किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्री सुखमणि इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के परिसर में आयोजित होगा। उत्सव में एसएसजीआई के विभिन्न संस्थानों के साथ-साथ आसपास के कई कॉलेजों के छात्र भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी, साहित्यिक, सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच उपलब्ध करवाना है। पहले दिन 17 मार्च को तकनीकी और गैर-तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। तकनीकी गतिविधियों में होवर रोवर, ऑटोकैड और वेब पेज डिजाइनिंग शामिल होंगी। वहीं वाद-विवाद, समूह चर्चा, मंत्र प्रतियोगिता और तकनीकी ज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसी साहित्यिक प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। इसके अलावा रंगोली, पगड़ी बांधना, सलाद बनाना और फूल सजाना जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। छात्र फेस पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग, कविता लेखन, मेहंदी और टैटू बनवाने जैसी गतिविधियों में भी भाग लेंगे, जिससे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बनेगा। दूसरे दिन 18 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। इसमें एकल गीत, समूह नृत्य, नुक्कड़ नाटक, एकांकी, गिद्धा और भांगड़ा जैसी प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें विभिन्न कॉलेजों की टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजकों के अनुसार 18 मार्च को वार्षिक दिवस और शैक्षणिक पुरस्कार वितरण समारोह में पंजाब के स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, उच्च शिक्षा और पर्यटन मंत्री हरजोत सिंह बैंस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद शाम 7 बजे स्टार नाइट का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक रंजीत बावा लाइव प्रस्तुति देंगे।

यूटर्न टाइम

## एबीसी मैजिकल वर्ल्ड स्कूल के वार्षिक समारोह नौटंकी सर्कस में बच्चों ने दिखाया टैलेंट





लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। एबीसी मैजिकल वर्ल्ड स्कूल ने अपना 17वां वार्षिक समारोह नौटंकी सर्कस गुरु नानक देव भवन ऑडिटोरियम, भारत नगर चौक में उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल बीआरएस नगर की प्रिंसिपल जसविंदर कौर सिद्धू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में पंजाब में आई बाढ़, डिजिटल अरेस्ट और साइबर धोखाधड़ी जैसे विषयों पर नाटक प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में माँ-बच्चे का नृत्य, सिंड्रेला की मंच प्रस्तुति, मुड़ वतनां नू नाटक और पुराने दूरदर्शन विज्ञापनों पर आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। समापन पिताओं के भांगड़ा प्रदर्शन के साथ हुआ, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर सीईओ अमनप्रीत सिंह अरोड़ा और प्रिंसिपल चेताली भट्ट ने कहा कि बच्चों के शुरूआती वर्षों में नृत्य और अभिनय के माध्यम से मूल्यों की शिक्षा देना बेहद महत्वपूर्ण है।

# श्री दंडी स्वामी मंदिर में फ्री हार्ट व मेडिकल चेकअप कैंप, सैकड़ों लोगों ने उठाया लाभ



लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। सिविल लाइन स्थित श्री सिद्ध पीठ श्री दंडी स्वामी मंदिर में श्री दंडी स्वामी महाराज जी की असीम कृपा और आशीर्वाद से फ्री हार्ट व मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन पंडित श्री राज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस मेडिकल कैंप में मरीजों के चेकअप के लिए हार्ट के माहिर और डीएमसी हॉस्पिटल के प्रिंसिपल डॉ. जी.एस. वांडर सहित डॉ. अभिषेक गोयल, डॉ. रोहित टंडन, डॉ. भारत भूषण, डॉ. राजेश महाजन, डॉ. रुचिका, डॉ. ईशा, डॉ. तरुण बांसल, डॉ. सुरिंदर गुप्ता, डॉ. संदीप शर्मा, डाइटिशियन हरप्रीत कौर, डॉ. भावना और पंकज कुमार सहित अन्य डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। कैंप में फ्री हार्ट चेकअप, स्किन जांच, कान-नाक-गला जांच, ईसीजी, शुगर और बीपी टेस्ट किए गए। इस दौरान हार्ट के 114, शुगर व बीपी के 70, स्किन के 67, मेडिसिन के 55 और ईएनटी के 41 मरीजों की जांच की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने कैंप में पहुंचकर इसका लाभ उठाया। जरूरतमंद लोगों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। पंडित राज कुमार शर्मा ने बताया कि मंदिर में हर तीन महीने बाद ऐसे मुफ्त मेडिकल कैंप लगाए जाते हैं, ताकि जो लोग बाहर इलाज नहीं करवा सकते, वे इन कैंपों के माध्यम से जांच और उपचार का लाभ ले सकें।

## रूह से रूबरू

चारू नागपाल

### क्यों लोग हमसे कभी खुश नहीं होते?

सदियाँ बीत गई आज तक अनगिनत लोग आए और चले गए लेकिन अनुभव यह कहता है कि लोगों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप खुश हैं या दुखी। लोगों को बस इस बात से फर्क पड़ता है कि आप उनको कितना खुश रखते हैं। आप कितना भी अच्छा कर लो सभी किए उपकार लोग झट से भूल जाते हैं उन्हें याद बस वो हीपल रहता है जब आपने उन्हें खुश नहीं किया। कल परसों किसी ने क्या खाया या पहना वो हर किसी को याद रहता है पर किसी की बात अगर मन को बुरी लगती है तो वो सालोंसाल हम अपने जहन में न केवल दबाए रखते हैं ब्लकि बदला लेने का कोई मौका भी नहीं छोड़ते। इन सभी विचारों की आपाधापी का असल कारण एक ही है हम सभी अपना अस्तित्व अपने मन और शरीर को माने बैठे हैं। तभी तो हम सभी पर मन ने अपना राज जमा रखा है। जिस दिन हम अपने शरीर और मन की सत्ता को हरा कर सभी दुनिया के जीवों को प्रभु का अंश मान लेंगे। हमारे सभी मानसिक क्लेश दूर हो जाएँगे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Power of Attorney से संपत्ति कैसे बेची जाती है?**

कई बार संपत्ति का मालिक स्वयं उपस्थित होकर लेन-देन नहीं कर पाता—जैसे विदेश में रहना, स्वास्थ्य कारण या अन्य व्यावहारिक कठिनाइयाँ। ऐसी स्थिति में वह किसी विश्वस्त व्यक्ति को अधिकार दे सकता है, जिसे Power of Attorney (PoA) कहा जाता है।

Power of Attorney एक कानूनी दस्तावेज है, जिसके माध्यम से एक व्यक्ति (Principal) दूसरे व्यक्ति (Agent या Attorney) को अपने behalf पर कार्य करने का अधिकार देता है। संपत्ति मामलों में PoA के माध्यम से बिक्री, प्रबंधन या अन्य कार्य किए जा सकते हैं।

लेकिन एक महत्वपूर्ण बात समझना आवश्यक है—सिर्फ Power of Attorney से स्वामित्व स्थानांतरित नहीं होता। संपत्ति का वास्तविक हस्तांतरण तभी होता है, जब विधिक रूप से registered sale deed निष्पादित की जाए।

अतीत में कई जगह PoA के माध्यम से संपत्ति लेन-देन करने की प्रथा थी, लेकिन अदालतों ने स्पष्ट किया है कि केवल PoA के आधार पर स्वामित्व हस्तांतरण मान्य नहीं है।


Power of Attorney का उपयोग सामान्यतः प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए किया जाता है—जैसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर करना, पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करना या संपत्ति प्रबंधन करना।

निष्कर्ष : Power of Attorney सुविधा का साधन है, स्वामित्व का माध्यम नहीं। संपत्ति का अंतिम हस्तांतरण केवल विधिक बिक्री दस्तावेज से ही होता है।

# राम नाम के जाप से सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है: संत रमणीक बेदी








लुधियाना, यूटर्न, 15 मार्च। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क में आयोजित साप्ताहिक सत्संग के दौरान संत रमणीक बेदी ने श्रद्धालुओं को राम नाम के जाप का महत्व बताते हुए कहा कि ह्यरामह्ल नाम का स्मरण व्यक्ति के जीवन में शांति, सकारात्मकता और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि राम नाम के जाप से मन को शांति मिलती है, दुखों का अंत होता है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। संत रमणीक बेदी ने कहा कि जब श्रद्धालु ह्यरामह्ल नाम का जाप करते हैं तो वे भगवान राम की दिव्य शक्ति से जुड़ जाते हैं, जो उन्हें हर संकट और कठिनाई से बाहर निकालने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि राम नाम का स्मरण व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास और साहस पैदा करता है, जिससे वह जीवन की बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनता है।

उन्होंने बताया कि राम नाम को भक्तों के लिए रक्षक और सहायक माना गया है, क्योंकि यह नकारात्मक शक्तियों से रक्षा करता है और जीवन में विजय का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि भगवान राम सर्वशक्तिमान हैं और उनके नाम में इतनी शक्ति है कि यह सांसारिक और आध्यात्मिक दोनों तरह के सुख प्रदान करता है। सत्संग में अनिरुद्ध गुप्ता, मीरा गुप्ता, राजन कपूर, सुमन जैन, सुदर्शन जैन और आशिमा बेदी ने अमृत वाणी पाठ करवाया। वहीं शुचिता दुग्गल और संयम भल्ला ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शशि भल्ला, रामेश्वर गुप्ता, राज गुप्ता, गुलाब राय, वरिंदर जैन, आशु जैन, मधु बजाज, वीणा सोनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# लुधियाना में आज होगा PSTET एग्जाम: 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए, शिक्षक यूनियनों का विरोध और बॉयकॉट

पंजाब/यूटर्न/15 मार्च। पंजाब स्टेट टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (PSTET) रविवार को जिले में कड़े इंतजामों के बीच आयोजित किया जा रहा है। हालांकि परीक्षा से पहले राज्यभर में शिक्षक संगठनों के विरोध और बॉयकॉट की घोषणा के कारण माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। जिला प्रशासन ने परीक्षा के लिए लुधियाना में कुल 42 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इनमें PSTET-I के लिए 19 और PSTET-II के लिए 23 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा दो सत्रों में होगी। पहला सत्र सुबह 9:30 बजे और दूसरा सत्र दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। अधिकारियों के अनुसार, पहले सत्र में 8364 उम्मीदवार परीक्षा देंगे, जबकि दूसरे सत्र में 6674



अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। जिले में परीक्षा के संचालन और समन्वय के लिए सरकारी माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल पीएयू को नोडल सेंटर बनाया गया है। पिछले सप्ताह बड़ी संख्या में शिक्षक चंडीगढ़ में इकट्ठा हुए और PSTET को अनिवार्य बनाने के फैसले का विरोध किया। उनका कहना है कि दशकों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षकों से दोबारा पात्रता साबित करवाना उचित नहीं है। लुधियाना में भी कुछ सरकारी स्कूलों के शिक्षकों ने परीक्षा का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। सरकारी प्राइमरी स्कूल लोहारा और जवाहर नगर के शिक्षकों ने विरोध स्वरूप परीक्षा में शामिल न होने की घोषणा की है। डेमोक्रेटिक टीचर्स फ्रंट (DTF) के संयुक्त सचिव रूपिंदर सिंह गिल ने कहा कि, संगठन सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विरोध कर रहा है और राज्य सरकार से रिट याचिका दाखिल करने की मांग की गई थी। उन्होंने कहा कि 25 साल से ज्यादा सेवा दे चुके शिक्षकों को दोबारा अपनी योग्यता साबित करने के लिए परीक्षा देने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। वहीं DTF के जिला प्रधान दलजीत सिंह समराला ने कहा कि कई शिक्षक परीक्षा तो देंगे, लेकिन विरोध दर्ज कराने के लिए काली पट्टी बांधकर परीक्षा में शामिल होंगे। जिला प्रशासन का कहना है कि सभी केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कराई जा सके।

# पहले बेटी को महिला ने काम पर लगवाया, फिर छेड़छाड़ का आरोप लगा मांगे सात लाख, पुलिस को हुई शिकायत

लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। जगराओं के सुधार थाने में एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। जिसमें व्यक्ति ने अपने रिश्तेदार को एक महिला द्वारा उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ के आरोप लगा और रेप केस में फंसाने की धमकी देकर 5 लाख रुपए मांगने के आरोप लगाए हैं। महिला ने दुकानदार के रिश्तेदार को कॉल करके पैसे मांगे, उसकी उन्होंने पुलिस को कॉल रिकॉर्डिंग दी है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता रिश्तेदार रघवीर सिंह निवासी साउथ सिटी ने पुलिस को बताया कि उनके बहन के जेठ सिकंदर सिंह रत्तोवाल चौक, अकालगढ़ में एक ग्रोसरी स्टोर चलाते हैं। दुकान पर सामान लेने आने वाले रविंदर कुमार के परिवार से




सिकंदर सिंह की पहचान हुई थी। रघवीर सिंह ने कहा कि रविंदर कुमार की पत्नी ने अपनी बेटी को दुकान पर काम पर रखने की बात कहकर सिकंदर सिंह से 1000 रुपए उधार लिए थे। बाद में लड़की ने सिकंदर सिंह का मोबाइल नंबर लेकर व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू कर दी। आरोप है कि कुछ समय बाद महिला अचानक दुकान पर पहुंचीं और सिकंदर सिंह पर अपनी बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाने लगी। इसके बाद अकालगढ़ निवासी दीपू और दो कथित पत्रकारों जगपाल सिंह सिविया और अमरजीत सिंह भी इस मामले में शामिल हो गए। इन सभी ने मिलकर सिकंदर सिंह पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। 2 मार्च को उन्हें अकालगढ़ चौक बुलाया गया। वहां उन्हें धमकी दी गई कि यदि समझौते के नाम पर मोटी रकम नहीं दी गई, तो सिकंदर सिंह को रेप केस में फंसा दिया जाएगा और सोशल मीडिया पर बदनाम किया जाएगा। आरोप है कि इस दौरान उनसे 5 से 7 लाख रुपए की मांग की गई।

# मॉर्निंग वॉक क्लब द्वारा योग कक्षाएं पुनः शुरू, निरोग शरीर ही निरोग समाज का निर्माण करता है: योग

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/15/मार्च। जगरांव के एल.आर.डी.ए.वी. कॉलेज (तारा वाली ग्राउंड) में समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था 'मॉर्निंग वॉक क्लब' द्वारा एक बार फिर योग कक्षाओं की शुरूआत की गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. मदन मित्तल, और मिंटू मल्होत्रा ने बताया कि क्लब द्वारा पहले भी ग्राउंड में योग कक्षाएं लगाई जाती थीं, लेकिन मौसम में बदलाव के कारण इन्हें अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों के



मौसम में खुले आसमान के नीचे योग करना स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं माना जाता। अब मौसम अनुकूल होते ही इन कक्षाओं को दोबारा शुरू कर दिया गया है। इन कक्षाओं में विशेष रूप से योग प्रशिक्षिका मैडम सीरत कौर सिद्धू अपनी सेवाएं दे रही हैं। क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि योग कक्षा प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से 8:00 बजे तक चलती है। उन्होंने समस्त शहर निवासियों से अपील की है कि वे इन कक्षाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाएं। इस अवसर पर योग प्रशिक्षिका सीरत कौर सिद्धू ने कहा, ₹योग हमारे शरीर और एक स्वस्थ समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है। आज के युग में बढ़ता प्रदूषण और अशुद्ध खान-पान एक बड़ी चुनौती है, जिसे देखते हुए योग का महत्व और भी बढ़ जाता है।₹ उन्होंने आगे कहा कि योग न केवल शरीर और मस्तिष्क को तंदुरुस्त रखता है, बल्कि हमारे परिवेश को भी सकारात्मक बनाता है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज की नींव रख सकता है, इसलिए हर किसी को अपने व्यस्त समय में से कुछ पल निकालकर इन योग शिविरों का लाभ जरूर लेना चाहिए।

## रन फॉर ह्यूमैनिटी में दौड़े लोग: विश्व में शांति और सेवा का संदेश, ईरान और इराक के बीच तनाव पर चिंता

पंजाब/यूटर्न/15 मार्च। लुधियाना की सड़कें रविवार सुबह एक ऐतिहासिक जोश की गवाह बनीं। रन फॉर ह्यूमैनिटी मैराथन में शहरवासियों ने साबित कर दिया कि जब बात इंसानियत की हो तो लुधियाना का दिल सबसे बड़ा है। इस दौड़ का दोहरा



मकसद था, संसाधनों के अभाव में शिक्षा से दूर बच्चों की मदद करना और दुनियाभर में फैल रही जंग की आग के बीच शांति का पैगाम देना। मैराथन की शुरूआत घुमार मंडी से हुई और फाउंटेन चौक पर जाकर संपन्न हुई। सुबह 5 बजे ही लोग जुटना शुरू हो गए थे। देखते ही देखते पूरा रूट जोश से भरे लोगों से भर गया। इस दौड़ में केवल युवा ही नहीं बल्कि नन्हें बच्चों से लेकर 70 साल के बुजुर्गों तक ने हिस्सा लेकर यह साबित किया कि सेवा की कोई उम्र नहीं होती। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह केवल शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए की गई दौड़ नहीं थी। उन्होंने कहा कि जिंदगी का सबसे बड़ा मकसद दूसरों के लिए जीना है। आज लुधियाना की सड़कों पर वही संदेश फैलाया गया है। यह मैराथन उन बच्चों के लिए एक उम्मीद की किरण है जिनके हाथों में किताबों की जगह मजबूरी है। हर व्यक्ति का एक कदम किसी बच्चे का भविष्य बदलने की ताकत रखता है। टीम 1699 और दसवंत फाउंडेशन की अनूठी पहल जसदेव सिंह सेखों ने जानकारी देते हुए बताया कि 'टीम 1699' और 'दसवंत फाउंडेशन' की इस साझी पहल का असली लक्ष्य इंसानियत को हर सरहद और विवाद से ऊपर रखना था।उन्होंने कहा लुधियाना हमेशा से सेवा और भाईचारे में अग्रणी रहा है। दौड़ना तो एक बहाना था असली मकसद लोगों को एक मंच पर लाना था ताकि हम समाज और दुनिया को एक बेहतर कल की दिशा में ले जा सकें।

## नशा तस्कर महिला व युवक गिरफ्तार, 11 किलोग्राम गांजा बरामद

लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। लुधियाना रेलवे स्टेशन की बैक साइड पर पुलिस ने नशा तस्कर महिला व एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास 11 किलो 320 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। थाना डिवीजन नंबर 8 की पुलिस ने दीपक कुमार निवासी मुजफ्फरपुर बिहार और इनर देवी निवासी दरभंगा बिहार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसआई जसविंदर सिंह ने बताया कि वे अपनी पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर थे। जब पुलिस टीम गोल चौक रख बाग से होते हुए रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी तभी स्टेशन की बैक साइड पानी वाली टंकी के पास एक युवक और महिला संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े दिखाई दिए। पुलिस को अपनी ओर आता देख दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें काबू कर तलाशी ली। उनके पास से कुल 11 किलो 320 ग्राम गांजा बरामद किया गया।



## जीरकपुर में एएनटीएफ की बड़ी कार्रवाई, आधा किलो हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

जीरकपुर, यूटर्न, 15 मार्च। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने शुक्रवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को करीब आधा किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डीएसपी Ishan Singla के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार एएनटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति इलाके में हेरोइन की बड़ी खेप सप्लाई करने के लिए आने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने देर रात करीब 2 बजे Zirakpur में नाकाबंदी कर सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

# मोहाली में आईटी क्षेत्र में अपार संभावनाएं, विशेषज्ञों ने निवेश को बताया लाभकारी

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मार्च। प्रोग्रेसिव पंजाब इन्वेस्टर्स समिट 2026 के दौरान आयोजित आईटी और आईटीईएस सत्र को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'पंजाब ऑफर: स्पीड, स्पष्टता और आफ्टर केयर के साथ जीसीसी को बढ़ावा' विषय पर आधारित इस सत्र में राज्य को तकनीकी निवेश और डिजिटल नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया गया।



# सैकड़ों तमिल समुदाय के लोग कांग्रेस में शामिल, संगठन को मिली मजबूती

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मार्च। चंडीगढ़ में रविवार को शहर के तमिल समुदाय के सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। सेक्टर-35 स्थित राजीव गांधी कांग्रेस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी नए सदस्यों का पार्टी में औपचारिक स्वागत किया गया। इस मौके पर चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस लक्की विशेष रूप से मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने पार्टी में शामिल हुए लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन और मजबूत होगा तथा पार्टी की जमीनी पकड़ बढ़ेगी।



# 72वीं इंटर-सर्विसेज हॉकी चैंपियनशिप का समापन



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/15 मार्च। जलंधर में आयोजित 72वीं इंटर-सर्विसेज हॉकी चैंपियनशिप 2025-26 का शानदार समापन समारोह के साथ हुआ। सर्विसेज के सर्वोत्तम खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**आयोजन विवरण :** आर्मी हॉकी नोड (ए.एच.एन.), जलंधर स्थित वज्रा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में यह चैंपियनशिप आर्मी स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के नेतृत्व में वज्र कोर द्वारा आयोजित की गई। 9 से 13 मार्च 2026 तक चली इस प्रतियोगिता में आर्मी रेड, आर्मी ग्रीन, इंडियन नेवी और इंडियन एयर फोर्स की टीमें राउंड-रोबिन लीग फॉर्मेट में भिड़ीं। यह आयोजन खेल भावना, शारीरिक उत्कृष्टता और इंटर-सर्विसेज भाईचारे को मजबूत करने वाला साबित हुआ।

**फाइनल मुकाबला :** फाइनल मैच आर्मी रेड और इंडियन नेवी के बीच रोमांचक रहा, जिसमें आर्मी रेड ने पेनल्टी शूटआउट के जरिए 6-5 से जीत हासिल की। तेज रफ्तार वाली खेल, शानदार रणनीतियां और खिलाड़ियों के बेजोड़ स्टिकवर्क ने दर्शकों को अंतिम सेकंड तक बांधे रखा।

**समापन समारोह :** लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार (पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम), जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, पश्चिमी कमांड ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पूर्व ओलंपियन, एफआईएच अधिकारी, हॉकी इंडिया चयनकर्ता और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। समारोह पंजाब की समृद्ध नृत्य और सांस्कृतिक परंपराओं की जीवंत प्रस्तुति और पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ।

# 'रन फॉर ह्यूमैनिटी' मैराथन में हजारों लोगों की भागीदारी, शांति-सद्भाव का दिया संदेश







लुधियाना, (युटर्न) 15 मार्च । शहर में रविवार को आयोजित 'रन फॉर ह्यूमैनिटी' मैराथन में हजारों लोगों ने भाग लेकर शांति, एकता और मानवता का संदेश दिया। यह मैराथन दसवंध फाउंडेशन के अध्यक्ष जसदेव सेखों द्वारा टीम 1699 के सहयोग से आयोजित की गई। कार्यक्रम में पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां और लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर विशेष रूप से शामिल हुए। दोनों ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में जब दुनिया के कई हिस्सों में तनाव और संघर्ष बढ़ रहे हैं, ऐसे आयोजनों के माध्यम से शांति और भाईचारे का संदेश फैलाना बेहद जरूरी है। स्पीकर संधवां ने कहा कि पंजाब की धरती हमेशा से मानवता और भाईचारे की मिसाल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब को फिर से समृद्ध और विकसित बनाने का आह्वान करते हुए सभी वर्गों से राज्य को फिर ह्यसोने दी चिड़ीह्व बनाने में योगदान देने की अपील की। मेयर इंदरजीत कौर ने एनजीओ एक्ट ह्यूमेन की हरलीन कौर और दसवंध फाउंडेशन की महिला विंग की अध्यक्ष हरदीप कौर बोपाराई के साथ मैराथन को हरी झंडी दिखाई। दौड़ घुमार मंडी चौक से शुरू होकर कॉलेज रोड, प्रिंस हॉस्टल और फाउंटेन चौक से गुजरते हुए रानी झांसी रोड पर संपन्न हुई। मैराथन में विभिन्न आयु वर्ग के युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लिया। धार्मिक नेताओं और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी इसमें शामिल होकर सांप्रदायिक सौहार्द और मानवता के मूल्यों को मजबूत करने का संदेश दिया।

# शिरोमणि अकाली दल द्वारा अमलोह में 25 मार्च को होने वाली 'पंजाब बचाओ रैली' की तैयारियां जोरों पर



पंजाब/यूटर्न/15 मार्च। शिरोमणि अकाली दल द्वारा पूरे पंजाब में की जा रही 'पंजाब बचाओ रैलियों' की कड़ी के तहत फतेहगढ़ साहिब के अमलोह में 25 मार्च को होने वाली रैली की तैयारियों को लेकर अलग-अलग स्थानों पर जोरदार बैठकें की जा रही हैं।

इसी क्रम में हलका अमलोह के इंचार्ज गुरप्रीत सिंह राजू खन्ना द्वारा अमलोह के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा कर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पंजाब बचाओ रैली में शामिल होने की अपील की गई। इस मौके पर बोलते हुए गुरप्रीत सिंह राजू खन्ना ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा किए गए झूठे वादों से पर्दा उठाने के लिए शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल द्वारा हलका स्तर पर पंजाब बचाओ रैलियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी के तहत 25 मार्च को अनाज मंडी अमलोह में एक विशाल पंजाब बचाओ रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें होने वाला अभूतपूर्व जनसमूह इतिहास रचेगा। गुरप्रीत सिंह राजू खन्ना ने आज रैली के संबंध में सर्कल अमलोह देहाती के करीब एक दर्जन गांवों—रंघेड़ा खुर्द, रंघेड़ी कलां, झंबाला, गुरधनपुर, हैबतपुर, मुढ़ड़िया, बडाली, नरैणगढ़, भोलिया, अन्नियां, भद्दलथूहा, सोटी, मरारड़, घुल्लूमाजरा, भगवानपुरा, नूरपुरा, अलीपुर, दनघेड़ी, राइयेवाल, बैणा बुलंद, हरिपुर लाडपुर, तूरा, कुंभ और कुंभड़ा—में बैठकें कीं। राजू खन्ना ने 25 मार्च को हर हलके के लोगों से काफिलों के रूप में अनाज मंडी अमलोह पहुंचकर रैली में भाग लेने की भी अपील की।

# नशे की दलदल में फंसा व्यक्ति अपना घर-परिवार ठीक से नहीं चला सकता



पंजाब/यूटर्न/15 मार्च। बेगमपुरा टाइगर फोर्स के चेयरमैन तरसेम दीवाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मपाल साहनेवाल के दिशा-निर्देशों के अनुसार, फोर्स के जिला अध्यक्ष हैप्पी फतेहगढ़, बंटी हरियाणा अध्यक्ष हल्का शाम चौरासी, बिट्टू विरदी शेरगढ़ अध्यक्ष हल्का होशियारपुर, रवि सुंदर नगर, और हनी बस्सी वाहिद ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि आज के भौतिकवादी युग में विज्ञान और तकनीक ने बहुत तेजी से तरक्की की है, लेकिन यह कड़वी बेल की तरह बढ़ रहे खतरनाक नशों की चुनौती का सामना नहीं कर पा रही है। आज बढ़ती बेलगाम बेरोजगारी नशीली लत जैसी समस्याओं को जन्म दे रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में युवा पीढ़ी नशे की भयानक मार झेल रही है। उन्होंने कहा कि नशे की लत ने युवा पीढ़ी को एक ऐसे काले धुंध में ढक लिया है जिसके कारण परिवारों के परिवार उजड़ रहे हैं, नौजवान जीवन के प्रति अपनी उम्मीदें खो रहे हैं और आज का नौजवान आर्थिक और नैतिक रूप से खतरे में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि यदि समय रहते इस बुरी लत से बचाव के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो दुनिया भर के नौजवान इसकी चपेट में आकर मर जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार वाली जिंदगी में मनुष्य अपनी तकलीफों और मनोवैज्ञानिक दबावों से बचने के लिए शराब, सिगरेट, चरस, अफीम, हेरोइन, स्मैक और अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन करता है जो कि जीवन के लिए बहुत हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि नशे इंसान को अपने आप से बेखबर कर देते हैं और जिस कारण इंसान अपनी जिम्मेदारी और जीवन की राहों से भटक जाता है। उन्होंने कहा कि नशा इंसान की अर्थव्यवस्था और मान-सम्मान दोनों को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि नशेड़ी व्यक्ति अपना घर-परिवार भी ठीक से नहीं चला सकता और अपनी आर्थिक और मानसिक स्वायत्तता खो बैठता है। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले इंसानों की शारीरिक ताकत कम हो जाती है और विभिन्न बीमारियां उन्हें घेरना शुरू कर देती हैं।

# ह्यूमन राइट कमीशन के मेंबर जितेंद्रपाल सिंह द्वारा फाजिल्का का दौरा, लोगों की सुनी समस्याएं



पंजाब/यूटर्न/15 मार्च। ह्यूमन राइट पंजाब चंडीगढ़ के सदस्य जितेंद्र पाल सिंह द्वारा फाजिल्का जिले का दौरा किया गया जिसमें उन्होंने समूह पंचायत के सदस्यों व आम जन की समस्याओं को सुना, वहीं उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि पंजाब के विभिन्न शहरों में उन्होंने दौरा किया है व लोगों को मिले हैं उन्होंने समाज से जुड़ी कई समस्याओं के बारे में बातचीत करते हुए कहा कि ह्यूमन राइट कमीशन द्वारा लोगों को उनके साथ जोड़ा गया है और हर जिले में 15 मेंबरी कमेटी बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट और सरकारी अस्पताल में शवों को फ्रिज में रखना और सफाई सेवकों को को हर बनता मान भत्ता देने व जरूरतो का सामान देने की बात कही है वहीं उन्होंने कहा कि लावारिस लाशों का दाह संस्कार भी सरकार द्वारा फ्री में किया जाएगा वही फाजिल्का के समाजसेवी बिट्टू जी ने बताया कि वह पिछले 15 सालों से लावारिस लाशों का दाह संस्कार करते आ रहे हैं और हर शव के दाह संस्कार पर 3000 के करीब खर्चा आता है जो उनकी संस्था खुद उठाती है उन्होंने कहा कि वह भी सरकार से मिलकर इस संबंधी बात करेंगे।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री ठंडल बने शिरोमणि अकाली दल (ब) एस.सी. विंग के राष्ट्रीय सीनियर उप अध्यक्ष

## अपनी इस नियुक्ति पर सोहन सिंह ठंडल की ओर से हाई कमांड का किया धन्यवाद

दलजीत अजनोहा-



हुशियारपुर/यूटर्न, 15 मार्च। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष स. सुखबीर सिंह बादल की ओर से पंजाब के एस.सी विंग के अध्यक्ष पूर्व मंत्री गुलजार सिंह रणीके से विचार विमर्श करने के पश्चात पूर्व कैबनिट मंत्री एवं पार्टी के जनरल सचिव सोहन सिंह ठंडल को एस.सी विंग का राष्ट्रीय सीनियर उप अध्यक्ष प्रधान नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर सोहन सिंह ठंडल की ओर से पार्टी हाई कमांड का धन्यवाद करते हुए कहा कि बह पार्टी की ओर से दी गई जिम्मेवारी को पूरी तनदेही मेहनत से निभाते हुए पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने के लिए पार्टी प्रतिनिधियों और अहुदेदारों को साथ लेकर काम करेंगे और 2027 के चुनाव में शिरोमणि अकाली दल की सरकार बनाने के लिए पर्यतनशील रहेंगे। इस अवसर पर मा. रशपाल सिंह जलवेड़ा, जरनैल सिंह खालसा बड्डों, जस्विंदर सिंह नंगल ठंडल, तरलोचन सिंह टोडरपुर, जस्वीर सिंह भट्टी, जरनैल सिंह खालसा नडालों, डाक्टर जस्वीर सिंह अजनोहा, कुलदीप सिंह अजनोहा, गुरप्रीत सिंह डांडियां, दीपा बड्डों, राज कुमार भुंगरनी, रवि मेहटियांना रिक्की सिंबली, सोढ़ी सैणी फुगलाणा और अन्य पार्टी प्रतिनिधियों की ओर से सोहन सिंह ठंडल की इस नियुक्ति पर खुशी का इजहार करते हुए उन्हें बधाई दी।

# लायंस क्लब यूथ द्वारा आर.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित

## अमेरिका से पहुंचे डॉ. अशोक गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में की शिरकत

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/15/मार्च। समाज सेवा के उद्देश्य से लायंस क्लब यूथ की ओर से आर.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को रजिस्टर और स्टेशनरी वितरित की गई। इसके साथ ही बच्चों को रिफ्रेशमेंट भी दिए गए। कार्यक्रम में अमेरिका से विशेष रूप से पहुंचे प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. अशोक गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और जीवन में मेहनत के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अगुवाई लायंस क्लब के प्रधान राजिंदर जैन काका ने की। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा व उत्साहवर्धन के लिए ऐसे सामाजिक कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने समाज सेवा के क्षेत्र में राजिंदर जैन काका द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल मैडम सीमा रानी और प्रिंसिपल चरणजीत सिंह भंडारी ने लायंस क्लब तथा विशेष रूप से राजिंदर जैन काका का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहद प्रेरणादायक साबित होते हैं।

कार्यक्रम में एडवोकेट नवीन गुप्ता, डॉ. अशोक गुप्ता (यूएसए), दविंदर जिंदल (कैशियर), साहिल गुप्ता, गोपाल गुप्ता, कोमल बंसल, डॉ. हिमांशु अरोड़ा, नरेश वर्मा और मोहित जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

# सुखना लेक से 'रन एंड राइड' वॉक व साइकिल रैली, सैकड़ों ने दिया फिटनेस व एकता का संदेश






चंडीगढ़, यूटर्न, 15 मार्च। भगवान Sathya Sai Baba के 100वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में Sri Sathya Sai Seva Organisations चंडीगढ़-हरियाणा द्वारा Sukhna Lake से 'श्री सत्य साई रन एंड राइड-वॉक एवं साइकिल रैली' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य, फिटनेस तथा सामाजिक एकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर चंडीगढ़ के उपायुक्त Nishant Kumar और भाजपा नेता Sanjay Tandon विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली की शुरुआत सुखना लेक से हुई और प्रतिभागी शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः यहीं पहुंचे। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन किट और प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

श्री सत्य साई वृद्धाश्रम एवं सेवा केंद्र, सेक्टर-30 की प्रवक्ता डॉ. सोनल चुघ ने बताया कि कार्यक्रम के लिए पहले से ही बड़ी संख्या में लोगों ने पंजीकरण कराया था। आयोजन संस्था के ट्रस्टी डॉ. आर.बी. खरब, महेश धीर, अजय शर्मा और आनंद यादव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इधर, Ram Navami के अवसर पर सेक्टर-29 स्थित Sai Dham से Shirdi Sai Samaj Chandigarh द्वारा साई पालकी शोभायात्रा निकाली गई। पालकी को फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था और श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए शहर के विभिन्न सेक्टरों से गुजरे। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर लंगर और प्रसाद वितरण किया गया तथा रात में सेक्टर-25 में शेज आरती और रात्रि लंगर के साथ यात्रा का समापन हुआ।

# कनाडा में पंजाबी युवक की गोली मारकर हत्या, परिवार ने सरकार से की मांग - बेटे की पार्थिव देह वापस लाने में मदद करे

नवीन गोगना



मोगा, यूटर्न, 15 मार्च। कनाडा से एक और दुखद खबर सामने आई है, जहां पंजाब के एक नौजवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान दविंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मोगा के गांव दौलतपुरा का रहने वाला था। दविंदर सिंह कनाडा में टैक्सी चलाकर अपने परिवार का गुजारा चला रहा था। दविंदर सिंह अपने स्वभाव और सादगी के कारण इलाके में काफी मशहूर था। उसके कत्ल की खबर सुनते ही परिवार के सदस्यों समेत गांव के लोग शोक में डूब गए हैं।

### एक औरत के कारण गई जान

घटना के बारे में जानकारी देते हुए परिवार ने बताया कि ह्वघटना वाले दिन दविंदर सिंह अपनी टैक्सी में बैठा था। इसी दौरान एक घबराई हुई औरत उसकी टैक्सी में आकर बैठ गई। बताया जा रहा है कि उस औरत को कुछ लोगों ने पहले ही अगवा कर लिया था और वह किसी तरह उनके पास से भागकर आई और अपनी जान बचाने के लिए दविंदर सिंह की टैक्सी में बैठ गई। आरोपी उस औरत का पीछा कर रहे थे और जब वह टैक्सी में बैठी तो आरोपियों ने टैक्सी को घेर कर बिना किसी चेतावनी के ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। इस हमले के दौरान टैक्सी चालक दविंदर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही पलों में उसकी मौत हो गई।

### औरत को साथ लेकर फरार हो गए हत्यारे

गोलीबारी की इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद हमलावर उस औरत को अपने साथ लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कनाडा पुलिस मौके पर पहुंच गई और इलाके को घेर कर जांच शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है ताकि हत्यारों का पता लगाया जा सके।

### परिवार की अपील

घटना के बाद दविंदर सिंह के परिवार में मातम का माहौल है। परिवार के सदस्यों का कहना है कि ह्वदविंदर सिंह अपने परिवार का इकलौता सहारा था और उसकी मौत से घर की उम्मीदें टूट गई हैं। गांव दौलतपुरा के लोग भी इस घटना के कारण दुख में हैं और परिवार के साथ संवेदना प्रकट कर रहे हैं। हमारी सरकार और विदेश मंत्रालय से अपील है कि नौजवान की पार्थिव देह वापस भारत लाने में मदद की जाए, क्योंकि परिवार पहले ही बेटे को विदेश भेजने के कारण कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है और अब उनका सहारा भी खत्म हो गया है। इसलिए जल्द से जल्द परिवार की मदद की जाए।

# नेशनल लोक अदालत में समझौता: सड़क हादसे में मृत महिला के परिवार को 16.50 लाख मुआवजा

भूपिंदर सागर

मोहाली, 15 मार्च। सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में नेशनल लोक अदालत के दौरान आपसी समझौते के आधार पर पीड़ित परिवार को 16.50 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। अदालत ने बीमा कंपनी को निर्देश दिया है कि वह यह राशि 30 दिनों के भीतर दावेदारों को अदा करे। निर्धारित समय में भुगतान न होने की स्थिति में कंपनी को 7.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।

यह मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल) मोहाली की अदालत से संबंधित था, जिसकी सुनवाई नेशनल लोक अदालत में हुई। लोक अदालत की पीठ की अध्यक्षता प्रिजाइडिंग ऑफिसर हरदीप सिंह ने की। मामले के अनुसार 10 अप्रैल 2025 को हुए सड़क हादसे में सतवंत कौर, पत्नी सुखदेव सिंह, की मौत हो गई थी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने मुआवजे के लिए क्लेम पिटीशन दायर की थी। सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से अधिवक्ता सिमरनदीप सिंह ने अदालत में कहा कि कंपनी 16.50 लाख रुपये देकर मामले का पूर्ण और अंतिम समझौता करने को तैयार है। दूसरी ओर दावेदारों की ओर से सुखदेव सिंह सहित अन्य परिजन अपने वकील कुनाल मौदगिल के साथ अदालत में पेश हुए और कंपनी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। अदालत ने समझौते के आधार पर अवार्ड पारित करते हुए मुआवजा राशि का 50 प्रतिशत मृतका के पति सुखदेव सिंह तथा 25-25 प्रतिशत उनके बेटे गुरजिंदर सिंह और बेटी हरशदीप कौर को देने का आदेश दिया।

# कार से हेरोइन बरामद, दो युवक गिरफ्तार; अलग मामले में दो नशा करते पकड़े

भूपिंदर सागर




मोहाली, यूटर्न, 15 मार्च। जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में चार युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना सोहाना पुलिस ने एक कार से हेरोइन बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया, जबकि दूसरे मामले में दो युवकों को नशा करते हुए काबू किया गया। पुलिस के अनुसार शनिवार को एसआई तलविंदर सिंह अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे और संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान जब पुलिस पार्टी सेक्टर-107 स्थित यूनिहोम्स यूनिटेक बिल्डिंग के पास पहुंची तो सड़क किनारे खड़ी एक सिल्वर रंग की कार में दो युवक बैठे दिखाई दिए।

पुलिस को देखकर दोनों युवक घबरा गए और कार लेकर मौके से भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें काबू कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान सुरिंदर सिंह उर्फ छिंदा निवासी गांव भागोमाजरा और जतिंदर सिंह उर्फ बॉबी निवासी गांव रायपुर कला, जिला मोहाली के रूप में हुई।

पुलिस ने तलाशी के दौरान कार से हेरोइन बरामद की। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने दो युवकों को नशा करते हुए पकड़ा और उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की गई है।

# बस में चढ़ते समय बुजुर्ग का साढ़े चार तोले का सोने का कड़ा चोरी, तीन महिलाओं पर केस

मोहाली, यूटर्न, 15 मार्च। सोहाना बस स्टैंड पर बस में चढ़ते समय भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात महिलाओं ने एक बुजुर्ग के हाथ से साढ़े चार तोले का सोने का कड़ा उतार लिया। घटना के बाद तीनों महिलाएं मौके से फरार हो गईं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर तीन अज्ञात महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में कुराली निवासी 70 वर्षीय दर्शन सिंह ने बताया कि वह सीटीयू से सेवानिवृत्त हैं। 10 मार्च को वह किसी काम से मोहाली आए थे। काम खत्म करने के बाद दोपहर करीब एक बजे वह सोहाना बस स्टैंड से सीटीयू की लोकल बस में चढ़ने लगे। दर्शन सिंह के अनुसार बस में चढ़ते समय दो महिलाएं उनके आगे खड़ी हो गईं, जबकि एक महिला उनके दाहिनी ओर खड़ी थी।

# सिल्वर सिटी थीम्स में 75 ने किया खूनदान, रविंदर शर्मा द्वारा 157 बार खूनदान



डेराबस्सी, यूटर्न, 15 मार्च। समाज सेवी श्रीमती पद्मा भार्गव और राकेश भार्गव ने ब्लड डोनर काउंसिल के संस्थापक रविंद्र पाल शर्मा के सहयोग से सिल्वर सिटी थीम्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में होमी भाभा कैंसर अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त युनिट एकत्रित किए। 157 बार खून देने पर रविंदर पाल शर्मा को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। शिविर में 75 रक्तदानियों ने अपना रक्त दान किया और कैंसर के मरीजों के जीवन रक्षक बने। प्रत्येक रक्तदानी को अस्पताल की तरफ से सर्टिफिकेट और आयोजकों की तरफ से ट्रॉफी वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिल्वर सिटी थीम्स की आरडब्ल्यूए के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# सिद्धू मूसेवाला की हवेली पहुंचे सिंगर गुरदास मानः छोटे सिद्धू के पैर छुए, बोले- यह बिल्कुल हूबहू वही है, मूसेवाला के सम्मान में पढ़ी कविता





पंजाब/यूटर्न/15 मार्च। पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के बाबा बोहड़ कहे जाने वाले दिग्गज सिंगर गुरदास मान आज (रविवार) सुबह दिवंगत पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला के गांव मूसा पहुंचे। यहां उन्होंने मूसेवाला की हवेली में जाकर परिवार से मुलाकात की। इस दौरान माहौल उस समय बेहद भावुक हो गया जब गुरदास मान ने सिद्धू के छोटे भाई (छोटा सिद्धू) के पैर छुए। बाहें फैलाकर बोले- वही जज्बा, वही चेहरा। जैसे ही गुरदास मान ने हवेली में कदम रखा उन्होंने अपनी दोनों बाहें फैलाकर सिद्धू को याद किया। सिद्धू की माता चरण कौर ने जब उनका स्वागत किया तो मान ने उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद जब उन्होंने छोटे सिद्धू को देखा तो उन्होंने कहा यह तो बिल्कुल हूबहू शुभदीप (सिद्धू) जैसा लग रहा है।

हवेली के अंदर दाखिल होते ही गुरदास मान ने सबसे पहले सिद्धू मूसेवाला की तस्वीर को नमन किया और उसे 'सैल्यूट' किया। मुलाकात के दौरान गुरदास मान ने सिद्धू मूसेवाला के छोटे भाई के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उसके पैर छूने की कोशिश की।

इस पर माता चरण कौर ने रोका और कहा कि आप बड़े हैं, ऐसा न करें। गुरदास मान कल रात मानसा में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। मंच से उन्होंने मूसेवाला को याद करते हुए खास तौर पर लिखी गई कुछ पंक्तियां पढ़ीं, जिसे सुनकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गई। मान ने कहा था कि- वे सिद्धू के शहर आए हैं और बिना उसके घर जाए नहीं लौटेंगे। बड़ा प्यार तैनू, बड़ा सत्कार तैनू, सिद्धू मूसेवालिया सलाम तेरे शहर नू, अज्ज तक भुल्ली नहीं निवेकली जी सायरी तेरी, लोकी लाइक करदे ने गीतां वाले वैर नू, जज्बा जुनून तेरे गीतां च सुकून तेरे डिक लाके पी गया तू दुनिया दे जहर नू, जग उते कैम डेम राहु सरदारी तेरी, भूल के वि भूलिया नहीं जाना तेरे शहर नू, सिद्धू मूसेवालिया सालाम तेरे शहर नू।

# पेट्रोलियम संकट पर मनोहर लाल खट्टर का भरोसा– भारत में पर्याप्त भंडार, घबराने की जरूरत नहीं

नई दिल्ली/यूटर्न/15 मार्च। करनाल पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल. एलपीजी गैस सिलेंडर किल्लत मामले को लेकर मनोहर लाल ने कहा अंतरराष्ट्रीय समस्या है. क्योंकि पश्चिम जगत के अंदर जो तनाव हुआ है.उसके कारण पेट्रोलियम पदार्थ, गैस पदार्थ उसमे जो दिक्कत आई है. हमारे पास पूरा भंडार है कोई दिक्कत नहीं है. मनोहर लाल ने कहा लम्बे समय तक चीजे ठीक रहेगी में ऐसा मानता हूं.उन्होंने कहा एक न एक समय आएगा यह सारी समस्या समाप्त होगी। मनोहर लाल ने कहा फिर भी हमारा निवेदन है जो सप्लाई है उसी के हिसाब से काम चलाएं. उन्होंने लोगों से अपील की कोई भी पैनिक मत फैलाए. भारत सरकार जनता के साथ खड़ी है. उन्होंने कहा मैं तो यह कहूंगा पेट्रोलियम पदार्थ और गैस इससे कमी महसूस होती है तो पावर के नाते से ई कुकिंग की और आगे बड़े. पावर हमारे पास पर्याप्त है. बिजली का उपयोग करके अपनी सब जरूरतो को पूरा करें, उन्होंने कहा हमने अपील की है जीतने वाहन बसे, ई ऑटो. चलाएंगे उतना हमारे पेट्रोलियम पदार्थ में भी बचत होगी।






# गाड़ी की टक्कर से व्यक्ति की मौतः हादसे के बाद मौके से भागा ड्राइवर, मृतक की पहचान के लिए पुलिस ने लगवाए पोस्टर



पंजाब/यूटर्न/15 मार्च।लुधियाना में सड़क हादसे में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। घायल व्यक्ति ने इलाज के दौरान सिविल अस्पताल में दम तोड़ दिया। मामले में थाना जोधेवाल की पुलिस ने अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अजय कुमार निवासी ई-10-834, एक्सटेंशन बसंत बिहार, नूरवाला रोड ने बताया कि वह कारोबार चौक, सब्जी मंडी बहादर के रोड से अपने घर जा रहा था। जब वह नेशनल हाईवे कट के पास रेड होटल वाली काली सड़क से थोड़ा पीछे पहुंचा तो एक करीब 50-55 साल का अज्ञात व्यक्ति सड़क पार कर आ रहा था। इसी दौरान जालंधर बाइपास की तरफ से आए एक अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए उस व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए सिविल अस्पताल लुधियाना में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक व्यक्ति की पहचान के लिए अलग-अलग इलाकों में पोस्टर भी लगाए गए हैं, लेकिन अभी तक उसके परिजनों का पता नहीं चला। थाना जोधेवाल पुलिस ने अज्ञात वाहन ड्राइवर के खिलाफ धारा 281 और 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर फरार चालक की तलाश कर रही है।

# एक्सीडेंट में बेटे के सामने मां की मौतः तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, सड़क पार कर रही, ऑटो में बैठाने आया बेटा



पंजाब/यूटर्न/15 मार्च।लुधियाना में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर कार समेत फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और कार भी बरामद कर ली है। मृतक महिला की पहचान निर्मला (56) के रुप में हुई है।पुलिस को दी शिकायत में राहुल कुमार निवासी किराएदार फेस-2, गली नंबर-5, शहीद करनैल सिंह नगर ने बताया कि वह अपनी माता निर्मला देवी (56) को ऑटो में बैठाने के लिए पक्खोवाल रोड स्थित रिंमल अस्पताल के पास आया था। जब उसकी माता सड़क पार कर रही थी तो वह थोड़ा पीछे खड़ा था। इसी दौरान स्विफ्ट कार नंबर PB91R-9386 के ड्राइवर गुलजार सिंह निवासी गली नंबर 4, स्टार पब्लिक स्कूल, लोहारा, लुधियाना ने अपनी कार तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए उसकी माता को टक्कर मार दी। हादसे में निर्मला देवी को गंभीर चोटें लगीं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बेटे राहुल ने कहा कि मां के सिर पर ज्यादा गहरी चोट लगी जिस कारण उनकी जान गई। घटना के बाद आरोपी ड्राइवर कार समेत मौके से फरार हो गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी गुलजार सिंह को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से हादसे में इस्तेमाल कार भी बरामद कर ली। थाना दुगरी पुलिस ने बीती रात आरोपी के खिलाफ धारा 281 और 106 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्वाई शुरू कर दी है।

## स्मार्ट सिटी की आड में मल्हार रोड रेनोवेशन पर 100 करोड़ किए बर्बाद


# शहर की सबसे पॉश सड़क के फूटपाथों पर कब्जे, पेडेस्ट्रियन्स के लिए बनाई थी सड़क या धन्नासेठों को दी राहत

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। लुधियाना शहर की सबसे पॉश सड़क मानी जाती मल्हार रोड को कांग्रेस सरकार के राजनेताओं द्वारा रेनोवेट कराया गया। जिस पर स्मार्ट सिटी की आड में करीब 100 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए। लेकिन अब इस सड़क से होने वाले नुकसान सामने आने शुरू हो चुके हैं।

कहने को तो पुरानी सरकारों के राजनेताओं ने इस सड़क को एक मिल पत्थर बताया था। लेकिन अब इस मिल पत्थर अर्थात स्मार्ट सड़क बनाने के असली कारण निकलकर सामने आ रहे हैं। सड़क पर शोरुम मालिकों द्वारा जमकर फूटपाथों पर ही अवैध पार्किंग कर दी जा रही है। वहीं सड़क पर सामान रखकर और रेहड़ियां लगाकर कब्जे कर डाले गए।

हालात यह है कि 120 फीट की सड़क पर राहगीरों के निकलने के लिए मात्र 50-60 फीट जगह ही बची है। ऐसे में चर्चा छिड़ गई है कि क्या इस सड़क को पेडेस्ट्रियन्स के लिए बनाया गया था या धन्नासेठों को राहत दी गई थी कि वह अपने और ग्राहकों के वाहन सड़क पर लगा सकें। हैरानी की बात तो यह है कि नगर निगम के अधिकारी भी इसे देखकर अनदेखा कर रहे हैं। आप नेता और समाजसेवी रविंदर पाल सिंह घई की और से इस संबंधी सीएम ऑफिस और लोकल बॉडी विभाग को शिकायत की गई। शिकायत के बाद एक्शन हुआ और कुछ अवैध कब्जे उठाए। लेकिन अवैध पार्किंग अभी भी बरकरार है।





मल्हार रोड पर की गई अवैध पार्किंग

### बिल्डिंगें नहीं की सील, सड़क पर पार्किंग सुविधा दे डाली

बता दें कि मल्हार रोड पर जितने भी शोरुम है, सभी इललीगल है। नक्शों में इन शोरुम की बेसमेंट में पार्किंग है, लेकिन वहां कमर्शियल एक्टिविटी करके वाहन सड़कों पर लगाए जाते हैं। वहीं चर्चा है कि पूर्व सरकारों के राजनेताओं द्वारा इन इमारतों को सील नहीं कराया गया, बल्कि वॉलकिंग स्ट्रीट के नाम पर सड़क बना डाली। कहने को तो यह पैदल चलने वालों के लिए सड़क बनी थी, लेकिन अब देखकर लगता है कि असलियत में यह सड़क शोरुम मालिकों और उनके ग्राहकों को पार्किंग की सुविधा सड़क पर देने के लिए बनाई गई थी। चर्चा है कि इस सड़क का मुख्य मकसद भ्रष्टाचार करना था। पैसा हड़पने के मकसद से सड़क को बली का बकरा बना दिया गया।

### पैदल चलने वालों का छीना हक

राजनेताओं द्वारा जनता को उनके हक दिलाने के दावे किए जाते हैं। लेकिन यहां पैदल चलने वालों के लिए बनाए फूटपाथ पर कब्जे करवाकर उनका हक छीन लिया गया। दरअसल, यह सड़क इस तरीके से बनाई गई है कि उसके फूटपाथ नॉर्मल फूटपाथ से कई गुना चौड़े बनाए गए। वह इस तरह बने हैं कि गाड़ियां फूटपाथों पर पूरी तरह कवर हो जाती है। जबकि उक्त फूटपाथ मुख्य सड़क से ऊंचे बनाए गए, ताकि राहगीर सिर्फ सड़क पर ही चल सकें। पुरानी सरकारों के राजनेताओं तो जनता का हक छीना ही है, मौजूदा आप सरकार के राजनेता भी इन अवैध कब्जों को कम नहीं करवा सके।

### सड़क ऐसे खराब की कि अब दोबारा से तोड़कर बनानी पड़ेगी

वहीं मल्हार रोड को मिल पत्थर कहने वाले राजनेताओं द्वारा सड़क को इस तरीके से खराब किया है कि अब इसे दोबारा से तोड़कर बनाना ही एक रास्ता बचा है। वहीं जब भी मल्हार रोड पर अवैध कब्जों का मामला मीडिया की सुर्खियों में आता है, तभी निगम अफसर कार्रवाई करते हैं। लेकिन उनकी तरफ से सेल्फ तौर पर कार्रवाई नहीं कर पाते।

### निगम अफसरों को शोरुम मालिक करते हैं ऑब्लाइज

मल्हार रोड से कारपोरेशन जोन-डी ऑफिस की दूरी चंद कदमों की है। लेकिन फिर भी निगम अफसर व तहबाजारी टीम इस पर एक्शन नहीं ले पा रही। हैरानी की बात तो यह है कि निगम अफसर और मेयर रोजाना इसी सड़क से होकर गुजरते हैं। लेकिन पता नहीं उन्होंने ऐसा कौन सा चशमा लगा रखा है कि उन्हें यह कब्जे दिखाई नहीं दे पाते। वहीं चर्चा है कि मल्हार रोड पर नामी कपड़ा, स्वीट्स और ज्लेवरी शोरुम है, निगम अफसरों व लीडरों को शोरुम मालिकों द्वारा ऑब्लाइज करते हुए लग्जरी चीजें गिफ्ट दी जाती है। इसी कारण उन पर एक्शन लेने से अधिकारी गुरेज करते हैं।

# सतिंदर सरताज का शो फ्लॉप होने की चर्चा, लोग बोले - बारिश में सिंगर और म्यूजिशियन के लिए पुख्ता इंतजाम, दर्शक भीगते रहे

## दर्शकों ने ऑर्गनाइजर्स का बॉयकाट करने की शहरवासियों से की अपील

लुधियाना/यूटर्न/15 मार्च। रविवार को लुधियाना में पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज का लाइव कॉन्सर्ट पूरी तरीके से फ्लॉप होने की चर्चा है। यह हम नहीं कह रहे बल्कि शो में शामिल होने वाले लोगों द्वारा बताया जा रहा है। लोगों ने बताया कि बारिश की वजह से पहले तो शो पोस्टपोन करने की जगह बारिश में ही आयोजित किया। जिसके बाद बारिश होने पर सिंगर सतिंदर सरताज और उनकी म्जूजिशियन टीम के लिए स्टेज पर टैंट लगाकर पुख्ता इंतजाम कर दिए गए। लेकिन जनता को खुले आसमान के नीचे बारिश में बैठाया गया। जिस कारण एकदम बारिश आने से लोगों को इधर उधर खड़े होकर शो देखना पड़ा। वहीं कई लोग अपने साथ छतरियां लेकर आए थे, जिससे उनका बचाव हो गया। दर्शकों का कहना था कि ऑर्गनाइजर्स द्वारा पेमेंट ले ली गई, लेकिन सुबह से ही बारिश होने का पता होने के बावजूद पैसे न खर्चने के मकसद से दर्शकों के लिए कोई सुविधा नहीं की गई। ऐसे में लोगों द्वारा यह कॉन्सर्ट कराने वाली कंपनी के अगले शो का बॉयकाट करने की शहरवासियों को अपील की गई है। जिससे वह आगे से जनता के साथ ऐसा खिलवाड़ नहीं करेगें। जानकारी के अनुसार डॉ. सतिंदर सरताज का लाइव कॉन्सर्ट लुधियाना सेक्टर-32 के ग्लाडा ग्राउंड में 15 मार्च रविवार को था। पहले तो कुछ समय बारिश न होने से कॉन्सर्ट सही चला, लेकिन फिर बाद में बारिश से लोग परेशान होते रहे।



### लोगों ने पेमेंट रिफंड करने की मांग की

वहीं, लोगों ने कहा कि ऑर्गनाइजर्स द्वारा उनके साथ धोखा किया गया है। उनकी टिकट पेमेंट एडवांस में ले ली गई, ताकि मौके पर आकर वह जैसे मर्जी अरेजमेंट करें और कोई बोल भी न सके। वहीं लोगों ने मांग की कि उनकी हजारों रुपए प्रति टिकट पर खर्च की पेमेंट को वापिस किया जाए। अब देखना होगा कि क्या ऑर्गनाइजर पेमेंट वापिस करेगें या नहीं। वहीं चर्चा है कि इस शो की एवज में प्रोग्राम कराने वाली कंपनी द्वारा लाखों रुपए की कमाई कर ली गई है।

### पैसे बचाने में लगे थे ऑर्गनाइजर

वहीं दर्शकों का कहना है कि रविवार सुबह से ही बारिश हो रही है। ऐसे में पूरे शहर को पता है कि मौसम खराब है, लेकिन फिर भी ऑर्गनाइजर्स ने इस बात पर ध्यान नहीं दिया। वहीं कई लोगों का यह भी कहना था कि पूरे ग्राउंड में तरपाल लगाकर टैंट लगाने में लाखों रुपए खर्च होने थे। लेकिन ऑर्गनाइजर्स की और से पैसे बचाने के लिए दर्शकों को अनदेखा कर दिया गया। लोगों का कहना है कि जिन दर्शकों की टिकट बुकिंग से कंपनी ने लाखों रुपए की कमाई की, उन्हें ही बारिश में खड़े करके कह दिया कि शो देखों।

### सिंगर ने भी नहीं देखी लोगों की समस्या

वहीं शो देखकर आए लोगों का कहना है कि एवेंट कराने वाली कंपनी ने तो दर्शकों को अनदेखा किया ही, वहीं सिंगर द्वारा भी ध्यान नहीं दिया गया। सिंगर के सामने लोग बारिश के कारण परेशान होते रहे। वहीं लोगों ने कहा कि सिंगर्स को भी इस तरफ ध्यान देने की जरुरत है, क्योंकि दर्शकों द्वारा टिकट के रुप में दिए पैसों से उन्हें एवेंट की फीस मिलती है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372